# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 17 मई 2024, शुक्रवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा ओडिशा के सुंदरगढ़ में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**15 से ज्यादा सांसदों और 75 से ज्यादा विधायकों के साथ ओडिशा भगवा रंग में रंगने वाला है**

*******************

**यह चुनाव ओडिशा में नवीन बाबू को निकाल कर विकास के नए युग की शुरुआत करने का है**

*******************

**पूरा देश जब रामोत्सव मना रहा था, तब BJD सरकार ओड़िशा को रोक रही थी**

*******************

**यह चुनाव ओड़िशा की भाषा, साहित्य, संस्कृति के गौरव को पुनर्स्थापित करने का है**

*******************

**आस्था और श्रद्धा के केंद्र जगन्नाथ मंदिर के सभी द्वार खोले नहीं जाते, परिक्रमा के नाम पर BJD सरकार ने इसे पर्यटन मंदिर में बदल दिया**

*******************

**रत्नभंडार की असली चाभियों के सच को नवीन सरकार छुपा रही**

*******************

**नवीन बाबू की सरकार विधायक या सांसद नहीं, अफसर चलाते हैं**

*******************

माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को ओडिशा के सुंदरगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए ओडिशा की बीजेडी सरकार पर केन्द्र सरकार की योजनाओं को प्रदेश में लागू न करने को लेकर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रमों के दौरान मंच पर सुंदरगढ़ लोकसभा प्रत्याशी श्री जुएल ओराम, विधायक श्री शंकर ओराम, राउरकेला प्रत्याशी श्री दिलीप राय और रघुनाथपल्ली प्रत्याशी श्री दुर्गा तांती सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि देश में अब तक हुए 4 चरणों के चुनावों में एनडीए 270 सीटें पार करके 400 की ओर बढ़ रही है। इस बार आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के साथ-साथ ओडिशा में भी भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस बार ओडिशा में डबल परिवर्तन होने वाला है, लोकसभा में 15 से ज्यादा सांसद और विधानसभा में 75 से ज्यादा विधायकों के साथ ओडिशा भगवा रंग से रंगने वाला है। **यह चुनाव माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का, देश के अर्थतंत्र को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का, 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का, 3 करोड़ गरीबों को घर देने का और ओडिशा में विकास के युग का आरंभ करने का चुनाव है।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने 70 वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को अटका कर रखा था लेकिन देश की जनता ने दूसरी बार श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया तो 5 ही वर्षों में श्रीराम**

**जन्मभूमि का भूमि पूजन हुआ और भव्य श्री राम मंदिर भी बनकर तैयार हो गया है। जब पूरा देश राम उत्सव मना रहा था, तब बीजू जनता दल की सरकार ओडिशा को उत्सव मनाने से रोक रही थी।** राम उत्सव मनाने पर रोक लगाने वालों को ओडिशा की जनता वोट नहीं देगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि राजस्थान और ओडिशा वालों का कश्मीर से क्या लेना देना, खड़गे साहब राउरकेला वालों को नहीं जानते राउरकेला का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने को तैयार है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 70 वर्षों से देश का नासूर बनी हुई धारा 370 को समाप्त करके देश से आतंकवाद को समाप्त किया है। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ओडिशा और देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का कार्य किया है। यह चुनाव ओडिया भाषा, संस्कृति और गौरव को पुनर्स्थापित करने का चुनाव है।** माननीय प्रधानमंत्री जी ने ओडिशा की आदिवासी बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया है, जबकि कांग्रेस पार्टी ने कभी कोई आदिवासी राष्ट्रपति नहीं बनाया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **दिल्ली में आयोजित जी-20 में विश्व भर से आए नेताओं के लिए सजाए गए स्वागत स्थान पर ओडिशा के कोणार्क के सूर्य मंदिर की तस्वीर लगाया गया था। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस तस्वीर को लगाकर ओडिशा को पूरी दुनिया में प्रसिद्ध करने का कार्य किया है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने पाइका संग्राम के लिए सिक्का और डाक टिकेट भी जारी किया है।** बीजेडी सरकार ओडिशा के गौरव का दिन-प्रतिदिन अपमान कर रही है। बीजेडी सरकार आस्था और श्रद्धा के केंद्र जगन्नाथ मंदिर को पर्यटन स्थल बनाने के नाम पर उसका अपमान कर रही है। **ओड़िशा की जनता और महाप्रभु के करोड़ों भक्त आज रत्नभंडार की चाबियों का रहस्य जानना चाहते हैं। नवीन बाबू बताएं कि रत्न भंडार की असली चाबियां कहां हैं और नकली चाबियां किसने बनाईं? नकली चाबियों से रत्न भंडार खोला गया या नहीं? जांच आयोग की रिपोर्ट नवीन सरकार कब सार्वजनिक करेगी? भाजपा सरकार बनने के बाद 1 महीने के भीतर रत्न भंडार की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक कर दिया जाएगा।**

श्री शाह ने केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह 25 वर्ष ओडिशा के विकास के 'लॉस्ट ईयर' हैं। **इन 25 वर्षों ने ओडिशा को 50 वर्ष पीछे धकेल दिया है। पश्चिमी क्षेत्र के साथ ओडिशा सरकार ने सौतेला व्यवहार किया।** आज भी प्रदेश के 27 लाख परिवारों के पास पक्का घर नहीं है, 26 लाख लोगों के घर में नल से जल नहीं है, 6 हजार 412 गांवों में पक्की सड़क नहीं है, ओडिशा के किसान की आय देश में सबसे कम है। ओडिशा की जनता भाजपा की सरकार बना दे तो इन परिवारों को पके घर मिलेंगे, नल से जल मिलेगा, पक्की सड़कें बनेंगी और किसानों का धान 3100 रुपए क्विंटल के भाव से सरकार खरीदेगी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देशभर में गरीबों को नि:शुल्क इलाज के लिए 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा दे रहे हैं। ओडिशा की जनता भाजपा की सरकार बना दे तो 3 महीने में आयुष्मान भारत के तहत इलाज का खर्च देने का काम भाजपा सरकार करेगी। **ओडिशा में नवीन बाबू की सरकार झोला सरकार है, क्योंकि जब आदरणीय प्रधानमंत्री जी गरीब के लिए 5 किलो अनाज देते हैं तो नवीन बाबू उसपर अपना झोला लगाकर गरीबों को देते हैं। नवील बाबू झोले को नहीं खाया जाता, अनाज तो श्री नरेन्द्र मोदी ही दे रहे हैं।** अगर जरा भी शर्म है तो झोले की जगह 2 किलो चावल दे दो, गरीबों का भला हो जाएगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ओडिशा से ढ़ेर सारे लोग रोजगार के लिए देश भर में जाते हैं और इसीलिए श्री नरेन्द्र मोदी ***वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना*** लेकर लाए हैं ताकि प्रदेश से पलायन करके काम करने गए गरीब युवा कहीं भी नि:शुल्क राशन ले सकें और उनके मां-बाप को ओडिशा में भी राशन मिलता रहे। **नवीन बाबू यह योजना लागू नहीं करते हैं और बीच के अधिकारी उस राशन को गायब कर देते हैं।** बीरमित्रपुर में लाइम स्टोन की खदानों को बंद कर दिया गया था

जिसे 2014 में भाजपा ने चालू किया, रघुनाथपल्ली में विशाल फर्टिलाइजर प्लांट था जिसको 25 करोड़ रूपए में बेच दिया गया। ओडिशा में मेडिकल कॉलेज की मांग के चलते 2013 में नवीन बाबू ने शिलान्यास तो किया लेकिन कभी चालू नहीं किया। नरेन्द्र मोदी की सरकार उसे चालू करने जा रही है। कोयल नदी में आज तक बैराज नहीं बना क्योंकि नवीन बाबू के शासन में जन प्रतिनिधि नहीं बल्कि अफसर राज्य चलाते हैं। इसी लिए आदिवासियों की जमीनें भी छिन जाती हैं।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने आदिवासियों का सम्मान किया है। 200 करोड़ के खर्चे से ट्राइबल म्यूजियम बनाया जा रहा है, 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मन्नाने का निर्णय लिया गया और आदिवासी कल्याण का बजट जो पहले 24 हजार करोड़ रूपए का था, उसे 1 लाख 24 हजार करोड़ रूपए करने का कार्य किया गया है। सिकल सेल समाप्त करने के लिए मिशन शुरू किया गया और 740 एकलव्य स्कूल बनाने का कार्य भी श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। भाजपा सांसद ने सुंदरगढ़ के विकास के लिए 700 करोड़ के खर्च से 24 किलोमीटर का बीरमित्रपुर ब्राह्मणी बाईपास बनाया, 550 करोड़ की लागत से 47 किलोमीटर का राष्ट्रीय राजमार्ग-143 बनाया, 2200 करोड़ की लागत से 310 किलोमीटर की रेलवे लाइन का विकास किया, राउरकेला में वंदे भारत ट्रेन शुरू की और झारसुगुड़ा में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क बनाने का कार्य किया गया है। नवीन बाबू ओडिशा का भला नहीं कर सकते, यदि ओडिशा का विकास करना है तो श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनानी होगी। श्री अमित शाह ने सुंदरगढ़ की जनता से स्थानीय प्रत्याशियों को विजयी बनाकर देश और प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने की अपील की।

*********************